हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 3 जुलाई 2026

04 आदिवासी ग्राम कटाखेड़ा चन्देरी के लोग पक्की सड़क...

07 रेल पटरियों पर महिला और युवक के मिले शव, पुलिस जांच में जुटी

## खबर संक्षेप

### डॉ. कुलदीप प्रजापति ने बुजुर्ग महिला को लौटाया पैसों से भरा पर्स

**आरोन।** नगर के प्रजापति क्लीनिक के संचालक डॉ. कुलदीप प्रजापति ने ईमानदारी और मानवता की एक अनूठी मिसाल पेश की है, जिसकी क्षेत्र में चारों तरफ सराहना हो रही है। जानकारी के अनुसार, एक बुजुर्ग महिला इलाज के लिए प्रजापति क्लीनिक आई थीं और वापसी में अपना पैसों से भरा पर्स वहीं भूल गईं। क्लीनिक स्टाफ को पर्स मिलने पर डॉ. कुलदीप प्रजापति ने उसे सुरक्षित रख लिया। वास्तविक मालिक की खोज के लिए उन्होंने सोशल मीडिया पर पर्स की फोटो साझा कर लोगों से अपील की। सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी बुजुर्ग महिला के बेटे तक पहुंची। उन्होंने क्लीनिक पहुंचकर आवश्यक पहचान बताई, जिसके बाद डॉ. कुलदीप प्रजापति ने उन्हें पर्स और उसमें रखी पूरी रकम सुरक्षित सौंप दी। पर्स वापस मिलने पर महिला के बेटे ने डॉक्टर का आभार जताया। लोगों का कहना है कि आज के दौर में ऐसी ईमानदारी समाज के लिए एक बड़ी प्रेरणा है।

### ससुराल में पत्नी के खास दोस्त ने कर दी दामाद जी की धुनाई

**गुना।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र के गोपालपुरा से एक बेहद अजीबोगरीब और फिल्मी ड्रामा सामने आया है, जहां बेटी का इलाज कराने राजस्थान से ससुराल आए एक दामाद की उसकी पत्नी के दोस्त ने जमकर धुनाई कर दी। फरियादी गोविंद लोधा (29), निवासी बारां राजस्थान ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार दोपहर अपनी ससुराल गोपालपुरा आया था। इसी दौरान उसकी पत्नी कामना ने अपने दोस्त कुलदीप को फोन करके घर बुला लिया। कुलदीप अपने साथी कल्ली के साथ बाइक से ससुराल धमक गया और आते ही दामाद गोविंद को गंदी-गंदी गालियां देने लगा। जब गोविंद ने इसका विरोध किया, तो कुलदीप ने उसके हाथ पकड़ लिए और कल्ली ने बाएं गाल पर तड़ातड़ थप्पड़ जड़ दिए। आरोपी कल्ली के पास चाकू भी था। मारपीट होते देख मौके पर मौजूद साली अंजलि लोधा और सास शीलाबाई ने बीच-बचाव किया। भागते-भागते दोनों आरोपी दामाद को जान से मारने की धमकी दे गए। पीड़ित पति ने अपनी साली और सास के साथ कैंट थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

### घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, जांच में जुटी पुलिस

# मृगवास क्षेत्र के खजुरिया में सड़क के किनारे मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले के मृगवास थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ ग्राम खजुरिया के पास सड़क के किनारे एक अज्ञात युवक का शव पड़े होने की सूचना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। राहगीरों की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुँची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की। मृतक की शिनाख्त खजुरिया निवासी नैना गुर्जर पिता पिता रंगलाल गुर्जर के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुँच गए, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद शव को अपने कब्जे में लिया और तत्काल पोस्टमार्टम के लिए कुंभराज शासकीय अस्पताल भिजवाया, जहाँ डॉक्टरों की टीम द्वारा पीएम की कार्रवाई की जा रही है।

इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग मृगवास थाने पर एकत्रित हो गए थे। एसडीओपी चांचौड़ा सहित मृगवास थाने, सानई चौकी सहित लाइन का फोर्स मौके और पहुंचा था। परिवार वालों ने तीन लोगों पर संदेह जताया है। उनकी मांग है कि नामजद एफआईआर होनी चाहिए। उन्हें समझाया गया जिसके बाद वो पीएम कराने तैयार हुए। पीएम के बाद परिवार वाले थाने में मौजूद हैं। वो एफआईआर करा रहे हैं। एफआईआर नहीं हुई तो चक्काजाम करेंगे।

फिलहाल युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई और इसके पीछे क्या कारण रहे, यह पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो सका है। मृगवास थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर गहन जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही और वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा, जिसके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

#### कार्रवाई की जाएगी

मृगवास में एक शव मिला है। जिसकी शिनाख्त नैना पिता रंगलाल गुर्जर के रूप में हुई है। मामला संदिग्ध दिख रहा है। इसमें पीएम कराकर जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

- **हितिका वासल,** एसपी गुना

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौके पर ही मौत, पीएम के बाद सौंपा शव

**गुना।** कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत उमरिया रोड पर शांति ढाबा के पास एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। यहां एक तेज रफ्तार अज्ञात आयशर वाहन ने मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार किसान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुसमोदा निवासी लगभग 50 वर्षीय भैरव सिंह लोधा पेशे से किसान थे। परिजनों ने बताया कि गुरुवार को वह अपने घर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर खेत में मक्के लेकर खेत की बुआई करने के लिए निकले थे। जैसे ही वह उमरिया रोड स्थित शांति ढाबा के समीप पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित अज्ञात आयशर वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि भैरव सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। गुरुवार को जिला चिकित्सालय में शव का पीएम कराने के बाद उसे अंतिम संस्कार के लिए शोकाकुल परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। कैंट थाना पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर टक्कर मारकर भागने वाले अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

### मलबे में दबकर गृहस्थ गंभीर घायल

# गोपालपुरा में लगातार हुई बारिश से ढहा कच्चा मकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

शहर के गोपालपुरा क्षेत्र में बीती रात लगातार हुई झमाझम बारिश के चलते एक गरीब का आशियाना ताश के पत्तों की तरह ढह गया। इस दर्दनाक हादसे में कच्चे मकान की दीवार भरभरा कर गिरने से गृहस्थ मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित का पूरा घरेलू सामान भी मलबे में दबकर नष्ट हो गया है। घायल प्रेमसिंह अहिरवार ने बताया कि रात लगभग 3:30 बजे जब वह सो रहे थे, तभी लगातार हो रही बारिश के कारण उनके कच्चे मकान की दीवार अचानक ढह गई। मलबे की चपेट में आने से उनके पैर और शरीर का निचला हिस्सा बुरी तरह चोटिल हो गया है। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने उन्हें मलबे से बाहर निकाला।

#### पार्षद और अधिकारियों ने बनाई थी वीडियो

घायल प्रेमसिंह ने प्रशासनिक व्यवस्था और स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपना दर्द बयां किया। उन्होंने कहा कि उन्हें आज तक प्रधानमंत्री आवास योजना (कुटीर) का लाभ नहीं मिला, जबकि इसके लिए वे कई बार आवेदन कर चुके हैं। इससे पहले भी जब उनके कच्चे घर में पानी भरा था, तब स्थानीय पार्षद और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। अधिकारियों ने बकायदा मोबाइल से वीडियो और फोटो भी बनाई थी और आश्वासन दिया था कि जल्द ही कुटीर स्वीकृत करवा दी जाएगी। लेकिन धरातल पर कुछ नहीं हुआ। प्रशासन की इसी घोर लापरवाही और अनदेखी का खामियाजा आज उन्हें भुगतना पड़ा है, जहां उनका आशियाना भी छिन गया और वे अस्पताल पहुंच गए।

### सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**गुना।** कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सकतपुर में एक सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के घरेलू सामान पर हाथ साफ कर दिया। फरियादी ओमप्रकाश राठौर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वे वर्तमान में कुशमौदा में किराए से रहते हैं। गत दिवस पह सकतपुर स्थित अपने मकान में ताला लगाकर गए थे। 1 जुलाई की सुबह पड़ोसी शंभू कुशवाहा ने उन्हें फोन कर घर का ताला टूटने और गेट खुला होने की सूचना दी। जब पीड़ित मौके पर पहुंचे, तो घर के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे की हार्डडिस्क, एलसीडी टीवी, वाशिंग मशीन, इंडक्शन चूल्हा, मिनी चक्की, किराने का सामान, रजाई-गद्दे और उनकी मां की चांदी की पुरानी पायलें गायब थीं। कैंट थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## खेती के बदले मांगी 10 लाख की रंगदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले के आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पनबाड़ी हाट में एक युवक को खुद की खरीदी हुई जमीन पर काम करने के लिए 10 लाख रुपये की मोटी रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बात न मानने पर आरोपियों ने खेत में गाड़े गए करीब 25 हजार रुपये कीमत के लोहे के 70 एंगल भी चोरी कर लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। सेजी मोहल्ला आरोन निवासी फरियादी यतीश रघुवंशी (28), पुत्र अर्जुन सिंह रघुवंशी ने राहुल रघुवंशी, कुलदीप रघुवंशी और सुधा रघुवंशी के साथ थाने पहुंचकर लिखित आवेदन दिया। पीड़ित ने बताया कि उसने गत 27 मार्च 26 को सुधा रघुवंशी से ग्राम पनबाड़ी हाट में सर्वे नंबर 38/2 की 1.343 हेक्टेयर भूमि वैध रजिस्ट्री कराकर खरीदी थी। नामांतरण के बाद जब उन्होंने भूमि पर कब्जा लिया, तो पास में ही स्थित राधे फिलिंग स्टेशन के संचालक प्रवेश रघुवंशी और उसके चचेरे भाई अभिषेक रघुवंशी ने जमीन पर अवैध कब्जे का प्रयास किया, जिसकी पूर्व में भी शिकायत की गई थी। इसके बाद, जब यतीश खेत पर तारफेंसिंग के लिए लोहे के एंगल लगवा रहे थे, तब आरोपियों ने आकर उन्हें धमकाया कि परिवार की जमीन तो खरीद ली, लेकिन यहां खेती करने के लिए 10 लाख रुपये देने होंगे, वरना जान से मार देंगे। पीड़ित द्वारा मांग पूरी न करने पर, आरोपियों ने रात के अंधेरे में अपने साथियों के साथ मिलकर खेत में गाड़े गए 70 नग लोहे के एंगल उखाड़कर चोरी कर लिए। पुलिस ने प्रवेश और अभिषेक रघुवंशी के खिलाफ रंगदारी, चोरी और धमकी का केस दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

**मना करने पर उखाड़ ले गए फेंसिंग के 70 एंगल**

### तेज रफ्तार छोटा हाथी ने ठेले में मारी टक्कर, दुकानदार सहित दो घायल

**गुना।** जिले के आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत राघौगढ़ रोड पर वन विभाग रेंज के पास एक तेज रफ्तार छोटा हाथी (मेटाडोर) ने सड़क किनारे स्थित ठेले की दुकान में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दुकान संचालक और वहां बैठा एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। फरियादी माखन अहिरवार (36) निवासी पुराना बायपास ने पुलिस को बताया कि 2 जुलाई की सुबह वह अपनी दुकान पर चक्की संचालक मुकेश साहू के साथ बैठा था। तभी राघौगढ़ की ओर से आ रहे छोटा हाथी क्रमांक एमपी 08-4580 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए ठेले में टक्कर मार दी, जिससे ठेला पूरी तरह टूट गया। दुर्घटना में माखन की आंख व कमर में चोट आई, जबकि मुकेश साहू के मुंह, पसली, कंधे और दोनों पैरों में गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद प्रमोद साहू ने दोनों घायलों को आरोन अस्पताल पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत के चलते मुकेश साहू को गुना रैफर किया गया है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## बजरंगगढ़ में ऐतिहासिक ऐलक दीक्षा संपन्न

### मुनिश्री सुधासागर महाराज ने क्षुल्लक सुधीर सागर जी को बनाया ऐलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

पुण्योदय अतिशय क्षेत्र बजरंगगढ़ की पावन धरा पर जैन समाज का एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक मंगल प्रसंग संपन्न हुआ। जैनाचार्य विद्यासागर जी महाराज के शिष्य निर्यापक मुनि पुंगव सुधासागरजी महाराज के सानिध्य में भव्य ऐलक दीक्षा संस्कार का आयोजन किया गया। इस दौरान मुनिश्री ने मंत्रोच्चार और जैन सिद्धांतों के अनुसार दीक्षा की मांगलिक क्रियाएं संपन्न कराईं। दीक्षा महोत्सव के दौरान क्षुल्लक श्री सुधीर सागर जी महाराज की चर्या और साधना को आगे बढ़ाते हुए उन्हें ऐलक दीक्षा प्रदान की गई। दीक्षा के उपरांत अब वे ऐलक श्री सुधीर सागर जी महाराज के रूप में जाने जाएंगे। इस अलौकिक और वैराग्यमय दृश्य को देखने के लिए गुना जिले सहित देश भर से बड़ी संख्या में जैन श्रद्धालु बजरंगगढ़ तीर्थ क्षेत्र पहुंचे।

#### मुनिश्री ने सुनाया अपनी क्षुल्लक से ऐलक दीक्षा का संस्मरण

समारोह में भगवान के अभिषेक, शांतिधारा और विशेष पूजन के बाद मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ने दीक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं आचार्यश्री द्वारा उनको क्षुल्लक से ऐलक देने का संस्मरण सुनाते हुए कहा कि मेरे समय तो दीक्षा संस्कार जैसा कुछ हुआ ही नहीं था। मुनिश्री ने बताया कि आहारचर्या के बाद जब हम स्तुति करके जा ही रहे थे तो आचार्यश्री ने हमें आवाज देकर बुलाया। फिर आचार्यश्री ने कुछ सवाल जबाव किए और कहा कि दुपट्टा रख तो हमने रख दिया और बोले कि आपकी ऐलक दीक्षा हो गई। इस मौके पर मुनिश्री ने कहा कि कि आत्म-कल्याण और संयम के मार्ग पर बढ़ते कदम ही सच्चे सुख की ओर ले जाते हैं। जैसे ही क्षुल्लक जी को ऐलक दीक्षा दी गई, पूरा पावन पंडाल भगवान के जयकारों और मुनिश्री के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने नवदीक्षित ऐलकश्री सुधीर सागरजी महाराज की अगवानी कर पुण्य लाभ कमाया।उल्लेखनीय है कि गुना में पंचमुखी पंचकल्याणक महोत्सव के बाद मुनिश्री गुना के नवनिर्मित मंदिरों और अन्य मंदिरों की वंदना के उपरांत गत दिवस भव्य जुलूस के साथ बजरंगगढ़ पहुंचे। यहां भगवान के तीन कल्याणक तप, ज्ञान और मोक्ष के कार्यक्रम हो रहे हैं। प्रथम दिन समस्त मूर्ति रूपी मुनिराजों को जैनेश्वरी दीक्षा देकर तप कल्याणक मनाया गया। वहीं गुरुवार को भगवान का ज्ञान कल्याणक के कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर बजरंगगढ़ कमेटी द्वारा मुनिसंघ के समक्ष बजरंगगढ़ में चातुर्मास के लिए सामूहिक रूप से श्रीफल भेंढ़ किया। कमेटी के महामंत्री प्रदीप जैन ने बताया कि मुनिश्री के सानिध्य में 3 जुलाई को प्रातः 06 बजे सभी भगवानों का प्रथम महामस्तकाभिषेक सम्पन्न होगा।

## भगवान जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा निकलेगी

**चांचौड़ा।** चाचौड़ा-बीनागंज नगर में इस्कॉन द्वारा आयोजित होने वाली भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य एवं ऐतिहासिक रथयात्रा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस दिव्य धार्मिक महोत्सव की पूर्व तैयारियों और रूपरेखा को लेकर गुरुवार को रात्रि 8 बजे स्थानीय दुर्गा मंदिर परिसर में एक आवश्यक बैठक का आयोजन संपन्न हुआ। बैठक के दौरान रथयात्रा के सफल संचालन, भव्य स्वागत व्यवस्था, मार्ग निर्धारण और जनसहभागिता जैसी अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। आयोजन समिति के सदस्यों ने कहा कि नगर के लिए यह बड़े ही गौरव का विषय है कि भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा का पावन अवसर मिल रहा है। यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, अटूट भक्ति और जनसहभागिता का एक अनुपम प्रतीक है। इस दौरान उपस्थित जनों ने रथयात्रा को भव्य, दिव्य और अविस्मरणीय बनाने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। आयोजन समिति द्वारा नगर के सभी गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं और युवाओं से इस पावन उत्सव में तन-मन-धन से सहयोग करने और बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील की गई है।

## नि:शुल्क नशामुक्ति शिविर आयोजित, 19 मरीज भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

मन मनोचिकित्सा संस्थान एवं जिला नशामुक्ति नर्सिंग होम में संचालित जिला नशामुक्ति केंद्र द्वारा निःशुल्क नशामुक्ति जन-जागरूकता कार्यक्रम एवं मरीज भर्ती शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना की सचिव वंदना त्रिपाठी उपस्थित रहीं, जिन्होंने अपने उद्बोधन में नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बाद करता है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा आवश्यकता पडऩे पर निःशुल्क विधिक सहायता एवं परामर्श सेवाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। शिविर के दौरान कुल 30 मरीजों का पंजीयन व परीक्षण किया गया, जिनमें से 19 गंभीर मरीजों को तत्काल निःशुल्क भर्ती किया गया तथा शेष को आगामी माह के लिए जरूरी चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।

इस दौरान मन नशामुक्ति केंद्र के डायरेक्टर डॉ. अनिल विजयवर्गीय एवं मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. राम मोहन गुर्जर द्वारा सभी मरीजों की सघन जांच और परीक्षण किया गया। वहीं मन कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन एंड साइकोलॉजिकल स्टडीज की एम.फिल. क्लिनिकल साइकोलॉजी की असिस्टेंट प्रोफेसर समृद्धि ओली एवं शिवानी किरार द्वारा मरीजों सहित उनके परिजनों को विशेष मनोवैज्ञानिक परामर्श (काउंसलिंग) प्रदान की गई। इस गरिमापूर्ण आयोजन में संस्था की सचिव श्रीमती संगीता सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, शुभिका विजयवर्गीय, पंकज कुशवाह, हितेश कुशवाह, परमानन्द किरार, अजयपाल अहिरवार, जितेन्द्र कुशवाह, प्रमोद केवट, राहुल कुशवाह और दिलीप शाक्य आदि उपस्थित रहे।

### युवती ने की शिकायत, डॉक्टर बोले- परिजनों ने की स्टाफ से बदसलूकी

# बालाजी अस्पताल में भारी हंगामा, इलाज में लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बालाजी अस्पताल में बीती रात मरीज के इलाज में घोर लापरवाही, मारपीट और अभद्रता को लेकर परिजनों और अस्पताल स्टाफ के बीच जमकर हाईवोल्टेज ड्रामा हुआ। हंगामे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस बल भी पहुंचा। इस पूरे मामले में अब पीड़ित पक्ष ने कोतवाली थाने में लिखित आवेदन देकर अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर गंभीर आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार श्रीराम कॉलोनी निवासी दीक्षा जाटव एवं उनके भाई विकास जाटव ने अपनी मां शीला बाई को गत रात करीब 8:30 बजे गंभीर हालत में बालाजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि पूरा पेमेंट एडवांस जमा कराने के बावजूद वहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर सौरभ नामदेव ने करीब एक घंटे तक मरीज का इलाज शुरू नहीं किया। जब परिजनों ने डॉक्टर से मिन्नतें करते हुए कहा कि मरीज को सांस लेने में भारी तकलीफ हो रही है, तो डॉक्टर ने सब कुछ नॉर्मल बताते हुए मोबाइल पर रील्स देखना जारी रखा।

#### ऑक्सीजन निकालने और मारपीट का आरोप

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जब उन्होंने इसका कड़ा विरोध किया, तो डॉक्टर सौरभ नामदेव और कान्हा किरार ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। हद तो तब हो गई जब कथित तौर पर मरीज के मुंह से ऑक्सीजन निकालकर फेंक दी गई। विवाद बढने पर अस्पताल स्टाफ के कान्हा किरार, नर्मदा और रानी ने पीड़िता के भाई के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित युवती ने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल के पूरे स्टाफ ने उनकी जाति को लेकर भी सूचक गालियां दीं। जब परिजनों ने वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आर.बी. धाकड़ को बुलाने की मांग की, तो स्टाफ ने कह दिया कि वे गुना में नहीं हैं। वर्तमान में महिला की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें सहयोग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

#### डॉक्टर ने आरोपों को नकारा कहा-परिजनों ने किया हंगामा

इस पूरे गंभीर घटनाक्रम और हंगामे को लेकर जब अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आर.बी. धाकड़ से पक्ष लिया गया, तो उन्होंने परिजनों के सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। डॉ. धाकड़ का कहना है कि महिला को अस्पताल में भर्ती किया गया था और डॉक्टर अपना काम कर रहे थे, लेकिन मरीज के परिजन इलाज से संतुष्ट नहीं थे। परिजनों ने ही अस्पताल स्टाफ के साथ गंदी-गंदी गालियां देकर अभद्रता और झूमाझटकी की थी। उन्होंने बताया कि परिजनों की इस बदसलूकी के पूरे सीसीटीवी फुटेज अस्पताल के पास सुरक्षित हैं। परिजन पहले अपने मरीज को बिना बताए अस्पताल से डिस्चार्ज कराकर ले गए और फिर बाद में आकर अस्पताल परिसर में जबरन हंगामा खड़ा किया। फिलहाल सिटी कोतवाली पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत और अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

नए पाठ्यक्रमों की हुई शुरुआत

# ओमकार ग्रुप ऑफ कॉलेजेस ने खोले सफलता के नए द्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

बदलते भारत में रोजगार और कौशल आधारित शिक्षा की बढ़ती मांग को देखते हुए ओमकार ग्रुप ऑफ कॉलेजेस ने अपने 55 बीघा के विशाल कैंपस में नए शैक्षणिक सत्र से कई महत्वपूर्ण व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की शुरुआत की है। संस्थान द्वारा इस सत्र से एलएलबी, बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, बी फार्मा, बीबीए एवं एमबीए जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया गया है, जिनका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफल करियर के लिए तैयार करना है। आज भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में कानून, प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग लगातार बढ़ रही है। इसी आवश्यकता को पूरा करने के लिए ओमकार ग्रुप ऑफ कॉलेजेस विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन, व्यावहारिक प्रशिक्षण और उद्योगों से जुड़ी सीख प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। विभिन्न क्षेत्रों में सुनहरे अवसरों की बात करें तो न्याय व्यवस्था, कॉर्पोरेट कंपनियों, स्टार्टअप, बैंकिंग, साइबर लॉ, टैक्सेशन और सरकारी सेवाओं में विधि विशेषज्ञों की भारी मांग है। लॉ की पढ़ाई के बाद विद्यार्थी अधिवक्ता, कॉर्पोरेट लीगल एडवाइजर, न्यायिक सेवा और लीगल कंसल्टेंट के रूप में उत्कृष्ट करियर बना सकते हैं। वहीं, स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की बात करें तो भारत के विस्तारित फार्मास्यूटिकल उद्योग में बी फार्मा के बाद अस्पताल, दवा निर्माण कंपनियों, रिसर्च एवं डेवलपमेंट, क्वालिटी कंट्रोल और ड्रग इंस्पेक्टर जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। इसके अलावा, आज हर उद्योग, बैंक, आईटी कंपनी, ई-कॉमर्स और बहुराष्ट्रीय कंपनियों को कुशल प्रबंधन विशेषज्ञों की भी आवश्यकता है। बीबीए और एमबीए पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को मार्केटिंग, फाइनेंस, मानव संसाधन और उद्यमिता की मजबूत नींव प्रदान कर बिजनेस लीडर बनने का अवसर देते हैं। ओमकार ग्रुप ऑफ कॉलेजेस का लक्ष्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उनके व्यक्तित्व विकास और व्यावहारिक कौशल को निखारना है।

मेडिकल संचालक पर लापरवाही का आरोप, एफआईआर

# युवक की मौत पर परिजनों का हंगामा, घेरा कोतवाली थाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के वार्ड क्रमांक 11 अंबेडकर नगर क्षेत्र निवासी एक 25 वर्षीय युवक की एक मेडिकल स्टोर पर इलाज कराने के बाद उसकी मौत हो गई। इस मामले को लेकर गुरूवार को मृतक के परिजनों सहित समाज के लोगों ने हंगामा करते हुए कोतवाली थाने का घेराव कर दिया। परिजनों का आरोप है कि युवक की मौत मेडिकल स्टोर संचालक के गलत इलाज के कारण हुई है। इसलिए मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। इस दौरान मौके पर पहुंचे एसडीओपी राजीव गुप्ता ने मृतक के परिजनों से चर्चा करते हुए उनके द्वारा दिए गए आवेदन पर नियमानुसार जांच कराए जाने के

बाद कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिलाया है। जांच के बाद कार्रवाई के आश्वासन के बाद आक्रोशित लोगों का हंगामा शांत हुआ।

पुलिस के मुताबिक ग्राम कौशलपुर निवासी ओमप्रकाश 25 वर्ष पुत्र राजू अकोदिया यहां शहर के वार्ड क्रमांक 11 अंबेडकर नगर क्षेत्र में किराए से रहता था और ऑनलाइन का काम करता था। बुधवार को ओमप्रकाश की अचानक तबीयत खराब हो गई। जिसके बाद वह पाली रोड पर नर्सरी के पास स्थित एक मेडिकल स्टोर पर पहुंचा और दवाए ली। इससे युवक को आराम मिलने के बाद बजाए उसकी तबीयत और बिगड गई। जिसके बाद परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

### दो दिन पहले ही गोवा से लौटा था ओमप्रकाश

बता दे कि ओमप्रकाश दो दिन पहले ही यानि 29 जून को गोवा से घूमकर लौटा था,वह दोस्तो के साथ गोवा घूमने के लिए गया था। इसके बाद ही उसे बुखार और कमजोरी की शिकायत हुई। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी आठ माह की गर्भवती है। युवक की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### इनका कहना...

युवक की मौत के मामले जांच के बाद ही स्पष्ट रूप से कुछ कह पाना संभव हो पाएगा। फिलहाल मर्ग दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। जांच के दौरान जो स्थिति सामने आएगी,उसके मुताबिक आगे की कार्रवाई की जाएगी।

राजीव गुप्ता
एसडीओपी,श्योपुर

मिथुन शर्मा बोले: कोरोना में सेवा अविस्मरणीय

# डॉक्टर्स-डे पर जनसेवा टीम ने किया डॉक्टरों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

राष्ट्रीय डॉक्टर्स-डे के अवसर पर को जनसेवा टीम द्वारा आरोन सिविल अस्पताल में डॉक्टर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। टीम के सदस्यों ने अस्पताल पहुंचकर ड्यूटी पर तैनात सभी डॉक्टरों का माल्यार्पण कर उनके सेवा भाव को नमन किया। कार्यक्रम के संयोजक और जनसेवा टीम के वाइस प्रेसिडेंट मिथुन शर्मा ने डॉक्टरों के योगदान को अमूल्य बताते हुए कहा, कोरोना काल में डॉक्टरों ने अपनी जान की परवाह किए बिना निस्वार्थ सेवा दी, जो अविस्मरणीय है। डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप हैं, समाज को उनका सम्मान करना चाहिए। इस सम्मान से अभिभूत होकर डॉक्टरों ने भी टीम का आभार जताया। अस्पताल परिसर में उत्साह का माहौल रहा।

## सीएमओ ने वार्ड-06 में व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

राघौगढ़। मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव द्वारा नगर पालिका राघौगढ़ के वार्ड क्रमांक 06 का औचक भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने वार्ड में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों, सफाई व्यवस्था तथा सुचारू जल प्रदाय व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। सीएमओ ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ वार्ड पार्षद प्रतिनिधि एजाज खान, संबंधित ठेकेदार, नगर पालिका का स्टाफ और स्थानीय वार्ड वासी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी ने वार्ड की समस्याओं और विकास कार्यों पर चर्चा की।

विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जांचे मरीज, कई जांचें भी हुईं फ्री

# मीनाक्षी हॉस्पिटल में डॉक्टर्स डे पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

स्थानीय दलवी नगर में संचालित मीनाक्षी हॉस्पिटल में अपनी पुरानी परंपरा के अनुसार राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चले इस शिविर में बड़ी संख्या में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों ने पहुंचकर अपनी सेहत का परीक्षण कराया और स्वास्थ्य लाभ लिया।

शिविर में मीनाक्षी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. दिनेश सिंह कुशवाह के अलावा अनुभवी डॉक्टरों की टीम मौजूद रही, जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, जनरल सर्जरी विशेषज्ञ, नाक-कान-गला (ईएनटी) विशेषज्ञ और हड्डी रोग विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दीं। डॉक्टरों ने शिविर में आए सभी रोगियों के स्वास्थ्य की गहनता से जाँच कर उन्हें उचित चिकित्सकीय उपचार और परामर्श दिया। अस्पताल प्रबंधन द्वारा सामाजिक सरोकार निभाते हुए इस शिविर के दौरान डॉक्टरों की सलाह पर आवश्यकतानुसार कई गरीब और जरूरतमंद मरीजों की विभिन्न पैथोलॉजिकल और अन्य स्वास्थ्य जाँचें भी पूरी तरह निःशुल्क कराई गईं। साथ ही उन्हें बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी सावधानियों के प्रति जागरूक किया गया। अस्पताल के इस सेवाभावी प्रयास और डॉक्टरों के समर्पण की शिविर में आए नागरिकों और मरीजों के परिजनों ने जमकर सराहना की।

## एकल अंचल गुना की बैठक संपन्न

गुना। एकल अभियान अंचल गुना कार्यालय पर गुरुवार को मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ विकास जैन जागरण शिक्षा प्रभारी, घनश्याम सिंह रघुवंशी श्री हरी कथा अध्यक्ष, मनीष भार्गव अंचल अध्यक्ष, विजय सिंह भाग कार्यालय प्रमुख और अर्जुन सिंह अंचल अभियान प्रमुख द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। बैठक में संच प्रमुखों को हर विद्यालय ग्राम में बच्चों के माध्यम से सघन पौधरोपण कराने और पोषण वाटिका को बढ़ावा देने का लक्ष्य दिया गया। विकास जैन ने कार्यकर्ताओं से एकल अभियान को ईश्वरीय कार्य मानकर करने और देशभर में संचालित एक लाख से अधिक विद्यालयों में जैविक खेती व पर्यावरण का महत्व समझाने की बात कही। मनीष भार्गव ने संच प्रमुखों को नियमित निरीक्षण कर बच्चों के सर्वांगीण विकास, योग और पंचमुखी शिक्षा पर जोर देने को कहा। घनश्याम रघुवंशी ने भी संगठन विस्तार पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा केंद्र से प्राप्त शिक्षण सामग्री का आचार्यों को वितरण किया गया।




# भारतीय स्टेट बैंक आरोन शाखा में मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

स्थानीय नगर की भारतीय स्टेट बैंक शाखा में बैंक का 71वां स्थापना दिवस बेहद उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक भारत सिंह गोयल द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संयोगवश इसी दिन डॉक्टर्स डे और चार्टर्ड अकाउंटेंट डे होने के कारण, चिकित्सा और वित्तीय क्षेत्र से जुड़ी हस्तियों को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में पेंशन संघ के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद दुबे, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अविनाश रघुवंशी और चार्टर्ड अकाउंटेंट अंकित जैन का शाल-श्रीफल भेंट कर और पुष्पमाला पहनाकर विशेष सम्मान किया गया। इसके साथ ही नगर के समस्त पेंशनभोगियों को भी सम्मानित कर भेंट दी गई।

कार्यक्रम के दौरान शाखा प्रबंधक भारत सिंह गोयल ने बैंक के गौरवशाली इतिहास और वर्तमान सुविधाओं पर प्रकाश डाला। क्षेत्र अधिकारी सचिन मौर्या ने ऋण संबंधी सेवाओं की जानकारी दी, जबकि सहायक हर्ष जैन ने डिजिटल सेवाओं के लाभ और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपाय साझा किए। परिवीक्षाधीन अधिकारी राहुल गुप्ता ने बैंक की सुविधाओं और कुछ समसामयिक चुनौतियों से अवगत कराया। अंत में, नगर के वरिष्ठ शिक्षक ओमवीर सिंह रघुवंशी ने शाखा प्रबंधक व समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए प्रबंधक भारत सिंह गोयल को शाल-श्रीफल से सम्मानित किया। मंच का सफल संचालन राहुल गुप्ता द्वारा किया गया।

# सभी विभाग पूर्ण तत्परता के साथ योजनाओं का लाभ दिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी विभाग समन्वित प्रयासों से दिलाया जाना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित अनुसूचित जाति कल्याण एवं विकास से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक में मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य बारेलाल अहिरवार संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। बैठक में निर्देश दिए कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जनहितैषी योजनाओं को संचालित कर अनूसूचित जाति वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इस वर्ग के बच्चों को छात्रावासों में विशेष सुविधाएं तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति दी जा रही है। साथ ही स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से विभागों द्वारा लक्ष्य के अनुरूप प्रकरण तैयार कर बैंकों को भेजे जा रहे है। बैंको द्वारा लक्ष्य के अनुरूप ऋण प्रकरण स्वीकृत कर संबंधित पात्र हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे वे अपने रोजगार स्थापित कर आर्थिक विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। बैठक में जनजातीय कार्य विभाग,जिला पंचायत, वन, स्वास्थ्य,जनपद पंचायत,महिला एवं बाल विकास,कृषि, पशुपालन, खाद्य विभाग,कार्यपालन यांत्रिकी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,लीड बैंक,लोक सेवा गारंटी, ई-गवर्नेंस, जिला उद्योग,एनआरएलएम, शिक्षा, आईटीआई, लोक निर्माण विभाग,विद्युत,प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,उद्यानिकी विभाग की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

## लिनेश क्लब ने नेशनल डॉक्टर्स डे मनाया

अशोकनगर। कहते हैं कि भगवान हर कहीं तो नहीं पहुंच सकता तो भगवान ने डॉक्टर बनाया , डॉक्टर भी भगवान का ही एक रूप माना जाता है, डॉक्टर मरीज को स्वस्थ करता है, डॉक्टर को भगवान का रूप मानने वाले हमारे भारत देश में डॉक्टर को सम्मानित करने के उद्देश्य से 1 जुलाई को डॉक्टर डे मनाया जाता है। इसी श्रृंखला में हमारे अशोकनगर के प्रसिद्ध चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर संतोष रघुवंशी को क्लब द्वारा सम्मानित किया गया, उनसे यह अपेक्षा की कि वह ऐसे ही अनवरत अपनी सेवाएं देते रहेंगे। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, डॉ रजनी शुक्ला, क्लब के अध्यक्ष अलका अग्रवाल, सचिन रश्मि अग्रवाल ,गीता बंसल गंगा रघुवंशी अंजना दुबे वंदना चैधरी सीमा बत्रा कुसुम अरोरा प्रीति बंसल रश्मि जैन रानी नामदेव सहित क्लब की अन्य सदस्य उपस्थित रही।

# रोटरी क्लब ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

रोटरी क्लब द्वारा शासकीय चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसी के साथ डाक्टर्स डे पर डॉक्टर्स का भी सम्मान किया गया।

रोटरी क्लब के मीडिया प्रभारी सुभाष जैन कैंची ने बताया कि रोटरी सत्र के प्रथम दिवस रक्तदान शिविर का आयोजन शासकीय चिकित्सालय में किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसी के साथ डॉ. डी. के. जैन,डॉ.रजनी छारी,डॉ.अजय गहलोत, डॉ.संदीप जैन का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. रजनी छारी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. डी. के. जैन थे। अपने सम्बोधन में डॉ. डी के जैन ने कहा कि रोटरी सत्र का प्रारम्भ रक्तदान जैसे पुनीत कार्य से किया है। इसी प्रकार वर्ष भर सेवा कार्य करते रहें,आपने आज चिकित्सक दिवस क्यों मनाते है इस पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. छारी ने कहा कि रक्तदान शिविरों का आयोजन बहुत जरूरी है अस्पताल में मरीजों के लिए हमेशा रक्त की आवश्यकता रहती है। अतः इसी प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिए। आपने चिकित्सकों का सम्मान करने के लिए रोटरी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को डॉ. अजय गहलोत एवं डॉ. संदीप जैन ने भी सम्बोधित किया।कुल 12 यूनिट रक्तदान किया गया। अध्यक्ष विजय चैधरी, सचिव मोहरसिंह यादव,डॉ. राकेश जैन,बी.डी. गुप्ता, सुभाष जैन कैंची,विष्णु अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, माधवसिंह रघुवंशी, राजेश सेठ, विनोद सोनी, अश्वनी अग्रवाल,मृदुल जैन, मनोज सोनी इंजी. राम शर्मा, धीरज अग्रवाल इनर ब्हील क्लब की बहनों सहित अन्य उपस्थित थे।

## विक्रय हेतु अपने कब्जे में स्मैक रखने वाले आरोपी को हुआ 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना

अशोकनगर। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अशोकनगर द्वारा स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ (स्मैक) को विक्रय हेतु अवैध रूप से कब्जे में रखने वाले आरोपी अमजद खां पुत्र अनबर खां निवासी- घोषी मोहल्ला, आरोन, जिला-गुना को 01 वर्ष के सश्रम कारावास व 1000 रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया गया। मामले में शासन की ओर से शबनम बानो एडीपीओ द्वारा पैरवी की गयी। एडीपीओ एवं मीडिया सेल प्रभारी यशपाल सिंह यादव के अनुसार उनि रवि कौशल को थाना कोतवाली में पदस्थ होने के दौरान दिनांक 20.06.2020 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति पुराने एस.पी. ऑफिस के पास विदिशा रोड पर अपने शरीर पर मादक पदार्थ स्मैक छिपाकर बेचने के उद्देश्य से खड़ा है। उक्त सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस फोर्स एवं राहगीर पंचनामा को साथ लेकर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पहुंचे जहां अमजद खां को होन पाया गया। जिसकी पहचान घोसी मोहल्ला आरोन जिला गुना का होना बताया।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

साकेत मालवीय की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष जिला टॉस्क फोर्स समिति, नारको-कोऑर्डिनेशन एवं जिला सड़क सुरक्षा समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिला टॉस्क फोर्स समिति अंतर्गत पुलिस, वन, जिला अभियोजन, स्वास्थ्य, खाद्य, परिवहन, जनजातीय कार्य, खनिज, आबकारी, खाद्य सुरक्षा विभागों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने वन

व्यवस्थापन तथा अतिक्रमण के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश देते हुए कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिले में मादक पदार्थों (नशीली दवाओं, अफीम, गांजा आदि) की तस्करी और नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए। साथ ही सभी विभाग एवं संस्थाए अपने-अपने स्तर पर नशामुक्ति से संबंधित जागरूकता अभियान एवं गतिविधियां संचालित करें। बैठक में सड़क सुरक्षा के एजेण्डा की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं के लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जाए। दुर्घटना प्रभावित मार्गो पर सांकेतिक बोर्ड लगवाये जाएं। ओवरलोड बसों की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। स्कूल बसों को चेक कर फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया जाए।

प्रशिक्षण पश्चात कार्यकर्ताओं ने किए प्रमाण पत्र डाउनलोड

# महिला मोर्चा ने किया डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भाजपा महिला मोर्चा द्वारा बुधवार को स्थानीय सर्किट हाउस में जिला महिला मोर्चा द्वारा डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की प्रदेश की सोशल मीडिया प्रभारी, डिजिटल लर्निंग संभाग प्रभारी सारिका उपाध्याय एवं प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा विभा श्रीवास्तव थीं, अध्यक्षता महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष लखन यादव ने की।

इस दौरान महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अनीता जैन, गीता आर्य, प्रज्ञा पलिया, रानी नामदेव,चंद्रेश यादव, सरोज यादव ज्योति जैन, चंद्रकांता शिखरवार, रीना जैन रश्मि अग्रवाल सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता बहनें उपस्थित हुई। मुख्य अतिथि सारिका उपाध्याय ने कार्यशाला के संबोधित करते हुए बताया कि संगठन द्वारा डिजिटल प्लेटफार्म का इस्तेमाल इसलिए किया जा रहा है, कि हमारा जो नमो ऐप है,उसमें बहुत सी पार्टी से संबंधित जानकारियां हैं, हमारी विचारधारा के बारे में जानकारी है, लेकिन इस ऐप का इस्तेमाल केवल 10 प्रतिशत कार्यकर्ता ही नियमित रूप से कर रहे हैं। और उससे प्राप्त जानकारियां साझा कर रहे हैं। जब इस आंकड़े को पार्टी नेतृत्व ने देखा, तो उनको यह समझ आया कि हमारा जो कार्यकर्ता है, कुछ अन्य पार्टियों से नए कार्यकर्ता आए हैं,उनको भारतीय जनता पार्टी का क्या इतिहास है, क्या हमारे पार्टी के पितृ पुरुष, युग पुरुषों ने बलिदान दिया, किस चीज के आधार पर हमारी पार्टी खड़ी है।

# जिलेभर में साइबर जागरूकता गतिविधियां निरंतर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशन में संचालित राज्यव्यापी सायबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में जिलेभर में आमजन को सायबर अपराधों के प्रति जागरूक करने हेतु निरंतर प्रभावी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में दिनांक 01.07.2026 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सायबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों, शिक्षकों, ग्रामीण नागरिकों, व्यापारियों एवं आमजन को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जागरूकता अभियान के दौरान थाना मुगांवली द्वारा श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल मुंगावली, चैकी विक्रमपुर द्वारा ग्राम चकरी, थाना चन्देरी द्वारा इंदिरा पार्क चन्देरी, थाना बहादुरपुर द्वारा कस्बा बहादुरपुर, थाना देहात द्वारा सारांश कोचिंग सेंटर अशोकनगर तथा थाना शाढ़ोरा द्वारा ग्राम नगऊखेड़ी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों एवं विद्यार्थियों को सायबर अपराधों के नए तरीकों से सतर्क रहने, सायबर सुरक्षा, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा न करने, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने हेतु जागरूक किया गया।

1 वर्ष पहले प्रधानमंत्री जनमन ग्रामीण सड़क का हो चुका है टेंडर

# आदिवासी ग्राम कटाखेड़ा चन्देरी के लोग पक्की सड़क को देखने तरसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

प्रधानमंत्री जनमन ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत खागल दुधराई के ग्राम कटाखेड़ा के आदिवासी पक्की सड़क के इंतजार में आंखे पथरा गई मगर किसी तरफ से पक्की सड़क का काम लगता हुआ नजर नही आ रहा है। पिछली साल इस सड़क का टेंडर भी खुल गया था जो यादव ट्रेंड्स को मिला था मगर एक वर्ष से ऊपर निकल गया ठेकेदार द्वारा कोई कार्य सड़क का प्रारंभ नही हुआ। कटाखेड़ा चन्देरी के दोनों ओर से नदिया ओर पहाड़ो से घिरा हुआ है बारिश में वेलन नदी और बड़ा नाला

पानी के उफान होने से इस गाँव का सम्पूर्ण संपर्क कट जाता है बीमार व्यक्तियो को खटिया पर रखकर ले जाते है सेहराई तक पैदल जाना पड़ता है ग्राम के लोगो ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर भी कई बार शिकायत दर्ज कराई गई पर कोई सुनवाई नही हुई है। प्रधानमंत्री सड़क मंजूर होने से ग्राम के लोगों मे खुशी की लहर दौड़ गई थी मगर एक साल से ऊपर हो गया सड़क के इंतजार में पर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नही हो रही संबंधित ठेकेदार के ऊपर मेरे द्वारा केंद्रीय मंत्री सिंधिया को भी पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया था दिल्ली से भी पत्र का जबाब कलेक्टर को कार्य प्रारंभ कराने का आया था प्रधानमंत्री ग्रामीण जनमन सड़क के जीएम को भी कई बार फोन के माध्यम से संपर्क किया है उन्होंने मुझे अस्वासन दिया था कि बारिश से पहले हम सड़क बना देंगे पर अभी तक पक्की सड़क का कोई भी कार्य प्रारंभ नही हुआ।

## खबर संक्षेप

### सर्प दंश से किशोरी की मौत

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत मल्हारगढ़ निवासी आरती पुत्री विजय सिंह पाल उम्र 16 को अपने ही घर में सर्प ने डस लिया था, जिसके बाद उसे मुंगावली अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

### अज्ञात चोर बाईक चुरा ले गए

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत बांकलपुर निवासी राजकुमार लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि चंदेरी-ईसागढ रोड पर डग्गी राजा के फार्म हाउस के बाहर से कोई अज्ञात चोर उसकी बाईक चोरी कर ले गया। जिसका नंबर एमपी 67 जेएफ 4941 है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कजराई निवासी गोलू खंगार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कमल सिंह अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढ़ौरा निवासी ने राजा कलावत रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी देवेन्द्र आदिवासी व उसकी बुआ का लड़का, उसकी चाची ममता आदिवासी और मुन्नाबाई आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत बामौरा निवासी महेन्द्र अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बृजेन्द्र, यशपाल, भूरा, मोहन यादव,राजकुमार यादव, गोलू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से यशपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि महेन्द्र कृष्णभान, रविन्द्र, और उदयभान अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत फतेहाबाद निवासी भू देव पटेरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजय कटारिया ने उससे मारपीट की और उसका मोबाइल फोड़ दिया।जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पीपरी निवासी भगवान लाल कोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोविन्द कोरी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मालाखेडी निवासी भागीरथ केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी खिलन, लालाराम और विनोद केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से खिलन केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि भागीरथ और चन्द्रभान केवट ने उससे मारपीट की।

### लिनेश क्लब द्वारा नेशनल डॉक्टर्स डे मनाया गया

**अशोकनगर।** कहते हैं कि भगवान हर कहीं तो नहीं पहुंच सकता तो भगवान ने डॉक्टर बनाया , डॉक्टर भी भगवान का ही एक रूप माना जाता है, डॉक्टर मरीज को स्वस्थ करता है, डॉक्टर को भगवान का रूप मानने वाले हमारे भारत देश में डॉक्टर को सम्मानित करने के उद्देश्य से 1 जुलाई को डॉक्टर डे मनाया जाता है। इसी श्रृंखला में हमारे अशोकनगर के प्रसिद्ध चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर संतोष रघुवंशी को क्लब द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, डॉ रजनी शुक्ला, क्लब के अध्यक्ष अलका अग्रवाल, सचिन रश्मि अग्रवाल ,गीता बंसल गंगा रघुवंशी अंजना दुबे वंदना चैधरी सीमा बत्रा कुसुम अरोरा प्रीति बंसल रश्मि जैन रानी नामदेव सहित क्लब की अन्य सदस्य उपस्थित रही।

### आज होगा दीक्षारंभ समारोह

**अशोकनगर।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026- 27 के शुभारंभ के अवसर पर 3 जुलाई को दीक्षा आरंभ समारोह आयोजित किया जाएगा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने बताया कि दीक्षा आरंभ समारोह का उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत करना तथा उन्हें महाविद्यालय की शैक्षणिक परंपराओं, उपलब्ध सुविधाओं, छात्रवृत्ति योजनाओं से परिचित कराना है।

## मालगाड़ी के चालक ने स्टेशन मास्टर को दी सूचना, देहात पुलिस मौके पर पहुंची

# रेल पटरियों पर महिला और युवक के मिले शव, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बीना गुना रेल खण्ड के हिनोतिया पीपलखेडा रेलवे स्टेशन के समीप, एक युवक और महिला का शव रेल पटरियों पर मिला है। दोनो के सिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए है। देहात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतकों के शव समेटे और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। अभी तक यह पता नहीं चला है कि मृतक कौन हैं कहां से आए थे। जिले में सभी थानों में गुमसुदगी की तलाश की जा रही है, कहीं कोई मामला दर्ज तो नहीं हैं। घटना की कहानी यह है कि 1 और 2 जुलाई की रात 2 बजे जब एक मालवाहक ट्रेन पटरियों से गुजर रही थी उसी दौरान यह महिला और युवक ट्रेन के सामने आ गए, जिसे रौंदते हुए ट्रेन निकल गई। मालगाडी के चालक ने घटना की सूचना पिपरई स्टेशन मास्टर को दी, वहां से देहात थाना प्रभारी को सूचना भेजी गई, जिसके बाद देहात पुलिस मौके पर पहुंची।

### महिला और युवक के दोनों के हाथों में टैटू बने हैं

देहात थाना प्रभारी के अनुसार दोनों ही महिला और युवक के सिर कटे हुए हैं, जिससे उनकी पहचान नहीं हो पा रही है महिला की उम्र लगभग 28 और युवक की 25 साल के आसपास है। दोनों के शरीर पर टैटू बने हुए हैं जिसमें युवक के हाथ पर पुष्पा के साथ जगपाल नजर आ रहा है, जो धुंधला दिखाई दे रहा है, जबकि महिला की गर्दन के नीचे जगपाल और बरखा लिखा हुआ है। अभी तक यह पता नहीं चला है कि यह दोनों आपस में कौन हैं कहां के रहने वाले हैं। फिलहाल पुलिस ने इन दोनों के शवों को स्थानीय पोस्ट मार्टम कक्ष में रखवा दिया है।

### पुलिस दोनों शवों की शिनाख्त के प्रयास में जुटी

पुलिस अभी तक यह समझ नहीं पा रही है कि यह पति पत्नि है या फिर कोई और कहानी है, लेकिन इतना तो समझ में आ ही रहा है कि अगर वह पति पत्नि होते तो अभी तक किसी न किसी के घर से उनके गायब होने की खबर आ जाती है, लेकिन अभी तक इस तरह की कोई खबर पुलिस के पास नही है। पुलिस इस बात का प्रयास कर रही है कि वह कहां के रहने वाले हैं और वह यहां कैसे पहुंचे, इस घटना का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। अशोकनगर जिले के साथ पड़ौसी जिलों में भी इस तरह की सूचना भेजी गई है। पुलिस तहकीकात में जुटी है।

### मौत का मामला जांच के दायरे में

ज्ञात हो कि पिछले दिनों अशोकनगर में एक ऐसा आत्म हत्या का काण्ड हुआ था जिसमें युवक और युवती दोनों हमउम्र होने के बाद उन्होंने आत्म हत्या कर ली थी ऐसा पुलिस मानती है। लेकिन अभी मामले में एसआईटी गठित की गई है जो किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है, यह मामला आत्म हत्या का है या फिर हत्या का है यह सब पूरे मामले की जांच कर रही है, नतीजा जांच के बाद ही सामने आएगा, पुलिस यह भी जानने का प्रयास कर रही है जो सुसाइड नोट युवक द्वारा लिखा गया था क्या वह उसी की हैंड राइटिंग में है, इसे भी जानने का प्रयास कर रही है, साथ में अन्य पहेलुओं को भी जाना जा रहा है।

## नवीन नगर कार्यकारिणी की घोषणा

# विद्यार्थी परिषद ने नगर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नगर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विषयों पर आयोजित बौद्धिक एवं संगठनात्मक सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, व्यक्तित्व विकास, छात्र नेतृत्व, राष्ट्र निर्माण एवं विद्यार्थी परिषद की विचारधारा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। शिविर के समापन सत्र में सत्र 2026-27 की नवीन नगर कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें रामस्वरूप नामदेव को नगर अध्यक्ष एवं भूपेंद्र ओझा को नगर मंत्री का दायित्व सौंपा गया। घोषित कार्यकारिणी में नगर अध्यक्ष रामस्वरूप नामदेव,नगर उपाध्यक्ष अंजू यादव, नगर मंत्री भूपेंद्र ओझा, नगर सह मंत्री पृथ्वी सोनी, शिवकांत शर्मा एवं लक्ष्मी सहरिया, नगर कार्यालय मंत्री गिर्राज शर्मा, नगर प्रमुख सूर्यांश शर्मा, नगर सह प्रमुख यशवर्धन योगी एवं कान्हा रघुवंशी, नगर प्रमुख कुणाल रघुवंशी, नगर सह प्रमुख प्रभात चंदेल एवं लकी नामदेव, नगर कला मंच प्रमुख रजनी अहिरवार, नगर कला मंच सह प्रमुख मुस्कान कुशवाहा, नगर खेल प्रमुख हर्ष शर्मा, नगर महाविद्यालय प्रमुख विपिन अहिरवार, नगर महाविद्यालय सह प्रमुख नैतिक जैन एवं हिमांशु चैधरी, नगर विद्यालय प्रमुख सुमित रघुवंशी, नगर सह विद्यालय प्रमुख यश सोनी, नगर सोशल मीडिया संयोजक भविष्य जी तथा नगर कार्यकारिणी सदस्य यश रघुवंशी, सुखबीर संधू, नमन यादव, गौरव मोदी एवं विनय यादव को विभिन्न दायित्व प्रदान किए गए। शिविर में मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री सतेन्द्र सिंह सिकरवार की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने कार्यकर्ताओं को विद्यार्थी परिषद की संगठनात्मक कार्यपद्धति, दायित्वबोध एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

# देवर्ची गांव में स्कूल में घुसकर युवक ने हंगामा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मंगलबार सुबह 11.30 बजे देवर्ची गांव के स्कूल में सुमित यादव पहुंचा, यहां एकमात्र ही शिक्षिका इस प्राथमिक विद्यालय में पदस्थ थी, जहां उसने क्लास रूम में घुसकर जमकर हंगामा मचाया। जिसे देखकर स्कूल के बच्चे डर गए,जिसके बाद शिक्षिका द्वारा सेहराई थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

सेहराई थाना क्षेत्र में शासकीय स्कूल की एक शिक्षिका के साथ स्कूल में ही गांव की युवक ने बदसलूकी कर दी। स्कूल पहुंचे युवक ने पहले तो गाली-गलौच की इसके बाद युवती के साथ मारपीट की. युवक की हरकत को अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर शिक्षिका ने उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी है। इस घटना के बाद जिलेभर के शिक्षकों और अभिभावकों में नाराजगी देखने मिल रही है. मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### स्कूल पहुंचे युवक ने महिला शिक्षिका से की अभद्रता

दरअसल मामला अशोकनगर के सहराई कस्बे का बताया जा रहा है। जहां प्राथमिक स्कूल देवर्ची में एक शिक्षिका के साथ उस समय घटना घटित हुई, जब वह अपनी क्लास में बच्चों को पढ़ा रही थी। तभी गांव का ही एक युवक स्कूल में आ धमका और उसने पहले तो क्लासरूम में बच्चों के ही सामने महिला टीचर को अश्लील गालियां दी. फिर कुर्सी को पहले तो क्लासरूम में ही तोड़ा, इसके बाद जब से शिक्षिका ने कुर्सी तोड़ने का का पूछा तो युवक गुस्से से लाल हो गया। स्कूल में अतिथि शिक्षक के तौर पर पदस्थ था, लेकिन महिला शिक्षक के परमानेंट आने से उसे नौकरी से हटा दिया गया. जिसको लेकर युवक अपनी भड़ास निकालने स्कूल पहुंचा था।

# स्वास्थ्य सेवा के प्रति समर्पण को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

समाज में स्वास्थ्य सेवाओं को समर्पित भाव से निभाने वाले चिकित्सकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले डॉक्टरों में डॉ. डीके जैन और डॉ.सुगनचंद जैन का शाल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर परिषद की ओर से राजेन्द्र जैन राजा और राजेश पालीवाल द्वारा सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सक केवल रोगों का उपचार ही नहीं करते, बल्कि मानव जीवन की रक्षा कर समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका सेवा, समर्पण और मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण कार्य सदैव प्रेरणादायी रहा है। सम्मानित चिकित्सकों ने इस सम्मान के लिए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ जनसेवा के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित रहे। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## 5 डॉक्टरों के नाम पर विचार होना था 4 ने असहमति जताई

# डॉ. बीएल टैगोर अशोकनगर जिला अस्पतला के नए सिविल सर्जन बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला अस्पताल अशोकनगर के सिविल सर्जन डॉ. भूपेन्द्र शेखावत का स्थानांतरण अशोकनगर से इन्दौर हो गया है, उनके स्थान पर शासन ने अभी किसी नए सिविल सर्जन की पदस्थापना नहीं की है। इस कमी को पूरा करने के लिए अशोकनगर स्वास्थ्य विभाग से आयुक्त चिकित्सा विभाग भोपाल को सीएमओं के पद पर प्रभार प्रदान करने के लिए पत्र भेजा गया था, जिसके बाद डॉ. बीएल टैगोर को जिला अस्पताल का नया सिविल सर्जन बनाया गया है।

जिला अस्पताल अशोकनगर की ओर से जिन 5 डॉक्टरों के नाम भेजे गए थे उनमें डॉ.देवेश भार्गव, डॉ. राजकुमार जैतवार, डॉ. मुकेश गोलिया, डॉ. बीएल टैगोर, डॉ. संतोषं सह रघुवंशी के नाम शामिल थे, जिनमें 4 डॉक्टरों ने पारिवारिक कारणों से असहमति जताई थी, जिसके बाद डॉ. बीएल टैगोर को नया सिविल सर्जन बनाया गया है। अशोकनगर जिला अस्पताल के वह 26वें सिविल सर्जन होगें। अशोकनगर में सिविल सर्जन की पदस्थापना 2005 में हुई थी, जिला 2003 में बना था, उसके बाद अब तक 25 डॉक्टर सिविल सर्जन के पद पर पदस्थ रह चुके हैं। सबसे पहले सिविल सर्जन डॉ. आरके गोयल थे, जिसके बाद डॉ. डीके भार्गव को दो बार, डॉ. डीके जैन को एक बार, डॉ. केके चतुर्वेदी को दो बार, डॉ. एसएस छारी को तीन बार और डॉ जेआर त्रिवेदिया को दो बार व डॉ. नटवर सिंह को दो बार डॉ, ओपी गुप्ता को दो बार सिविल सर्जन बनने का मौका मिला। अब डॉ. बीएल टैगोर सिविल सर्जन के साथ आरएमओ और अस्पताल के मैनेजर भी रहेगें, 3 पदों को एक साथ देखने की जिम्मेदारी उनके कंधों पर है।

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला-अशोक नगर (म.प्र.)

| क्र. | नाम अधिकारी | कब से | कब तक |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. आर. के. गोयल | 22-06-2005 | 18-04-2006 |
| 2 | डॉ. पी. के. गुप्ता | 18-04-2006 | 06-11-2006 |
| 3 | डॉ. के. के. चतुर्वेदी | 06-11-2006 | 30-04-2007 |
| 4 | डॉ.श्रीमती यू. अग्रवाल | 30-04-2007 | 04-07-2007 |
| 5 | डॉ. के. के. चतुर्वेदी | 04-07-2007 | 09-07-2007 |
| 6 | डॉ. नटवर सिंह | 09-07-2007 | 16-10-2007 |
| 7 | डॉ. एस. पी. सिंह | 16-10-2007 | 05-01-2008 |
| 8 | डॉ. नटवर सिंह | 05-01-2008 | 02-03-2009 |
| 9 | डॉ.डी. के. जैन | 02-03-2009 | 29-10-2009 |
| 10 | डॉ. अवतार सिंह | 29-10-2009 | 21-07-2010 |
| 11 | डॉ.ओ.पी. गुप्ता | 21-07-2010 | 04-10-2011 |
| 12 | डॉ. एम.एल. अग्रवाल | 04-10-2011 | 19-09-2014 |
| 13 | डॉ. एस. एस. छारी | 20-09-2014 | 21-05-2015 |
| [illegible] | डॉ. ए. व्ही. मिश्रा | 22-05-2015 | 31-07-2018 |
| [illegible] | डॉ.ओ.पी. गुप्ता | 01-08-2018 | 19-12-2018 |
| 16 | डॉ. एस.एस. छारी | 19-12-2018 | 06-06 2019 |
| 17 | डॉ..जे.आर त्रिवेदिया | 06-06-2019 | 22-10-2019 |
| 18 | डॉ.हिमाशु शर्मा | 22-10-2019 | 04-02-2021 |
| 19 | डॉ.एस. एस. छारी | 04-02-2021 | 27-04-2021 |
| 20 | डॉ.जे.आर.त्रिवेदिया | 28-04-2021 | 31-08-2021 |
| 21 | डॉ.डी.के.भार्गव | 01-09-2021 | 06-07-2023 |
| 22 | डॉ.एस.एस.छारी | 07-07-2023 | 23-07-2024 |
| 23 | डॉ.नीरज छारी | 24-07-2023 | 04-08-2024 |

# श्रुत पंचमी शाश्वत पर्व पर जिनवाणी मां की भव्य शोभायात्रा

**अशोकनगर।** अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा अरिहंत महिला परिषद राजुल संभाग द्वितीय शाखा अशोकनगर द्वारा श्रुत पंचमी के शाश्वत पर्व धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत परिषद की सदस्यों ने सामूहिक रूप से जीर्ण-शीर्ण जिनवाणी को सुसज्जित किया और अलमारी में व्यवस्थित जमाया। इसके पश्चात श्रद्धा और भक्ति के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गयी।

शोभायात्रा में बच्चों ने इंद्र-इन्द्राणी का मनमोहक रूप धारण किया। मंदिर परिसर में मां जिनवाणी के प्रति सम्मान एवं आदर भाव रखते हुए सामूहिक जिनवाणी स्तुति गान किया। इस अवसर पर शास्त्र सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिखा जैन ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सहयोग देने वाले सभी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदान कर सम्मान किया गया। आचार्य भगवंतों ने श्रुत परंपरा को लिपिबद्ध कर मानव समाज पर महान उपकार किया है। जिनवाणी के माध्यम से ही हमें जिन धर्म का वास्तविक स्वरूप ज्ञात होता हैं तथा जीवन को सही आचरण और ज्ञानमय बनाने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम को रुचि बंसल, शिखा जैन, आदि सदस्यों के सहयोग द्वारा सफल किया गया।

# महिला विकास समिति ने बच्चों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अंतर्राष्ट्रीय डॉक्टर डे पर पंजाबी महिला विकास समिति द्वारा पंजाबी समाज के ही होनहार डॉ बच्चों को सम्मानित किया। जिसमे दंत चिकित्सक डॉ केतन अरोरा एवं डॉ स्पर्श जुनेजा उपस्थित रहे। उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य से समन्धित समस्याओं का भी निराकरण किया। समाज के ही अन्य डॉ गौरव सडाना एनी सचदेवा अवि सचदेवा पूर्वी तनेजा आदि भी सम्मान की पात्र है इस मौके पर अध्यक्ष मीता सदाना सेक्रटरी रोशनी गेरा कोषाध्यक्ष सोनिया पूर्व अध्यक्ष गायत्री अरोरा, छाबरा डारेक्टर मंजू सदाना, डिंपल सदाना,सुनीता छाबरा ,सीमा बत्रा, मेंबर्स पूनम टक्कर कुसुम अरोरा, अंजू अरोरा, मधु वासुदेव, छाबरा, आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# छात्रावासों को निजी हाथों में सौंपना शिक्षा और छात्र हितों पर हमला

### आउटसोर्स प्रबंधन लागू करने की बन रही योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

डीएसओ प्रदेश सरकार द्वारा आदिम जाति कल्याण एवं जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत संचालित लगभग 4 हजार छात्रावासों को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कड़ी निंदा करता है। इस संदर्भ में डीएसओ मध्यप्रदेश राज्य परिषद सचिव नारायण सिंह चंदेल ने बयान जारी करते हुए कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार सरकार छात्रावासों में सरकारी अधीक्षकों की जगह आउटसोर्स प्रबंधन लागू करने की योजना बना रही है। यह फैसला शिक्षा व्यवस्था के बढ़ते निजीकरण की दिशा में एक और खतरनाक कदम है।

डीएसओ यह सवाल उठाता है कि जब सरकार की जिम्मेदारी शिक्षा और छात्र कल्याण सुनिश्चित करना है, तब वह अपनी जिम्मेदारियों से पीछे हटकर निजीकरण क्यों थोप रही है? सरकार यदि वास्तव में छात्रावासों की स्थिति सुधारना चाहती है तो स्थायी अधीक्षकों की नियुक्ति करे, पर्याप्त बजट दे, भोजन, सुरक्षा, पुस्तकालय, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करे।

### खास बातें

- छात्रावासों के निजीकरण/आउटसोर्सिंग की योजना तुरंत वापस ली जाए।
- सभी छात्रावासों में स्थायी एवं योग्य अधीक्षकों की नियुक्ति की जाए।
- छात्रावासों की सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए।
- छात्रावासों में मूलभूत सुविधाएं, बेहतर खाना, स्वच्छ पेयजल, बिजली, खेल मैदान, सुरक्षा गार्ड आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।
- छात्र संख्या के अनुरूप प्रदेश में छात्रावासों की संख्या को बढ़ाया जाए।

# मनरेगा के स्थान पर वीबी जी रामजी योजना का कलेक्टर ने शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केन्द्र में रही कांग्रेस सरकार ने मनरेगा योजना शुरू की थी ताकि हर आदमी को काम मिल सके, अब इस योजना का नाम बदलकर वीबी जी रामजी योजना किया गया है, जिसका शुभारंभ कलेक्टर साकेत मालवीय ने किया।

उन्होंने कहा कि ग्राम की आवश्यकता को दृष्टिगत रखकर ग्राम विकास के कार्य कराये जाने हेतु विस्तृत कार्ययोजना बनाई जाए। जिससे ग्राम के विकास को मूर्त रूप दिया जा सके। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर साकेत मालवीय सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं कन्या पूजन कर किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक ऐतिहासिक ग्रामीण रोजगार और सामाजिक कल्याण योजना है, जो 1 जुलाई 2026 से पूरे देश में लागू हो गई है। इस योजना के माध्यम से रोजगार में वृद्धि कर पात्र ग्रामीण परिवारों को अब एक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की गई है। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण आजीविका को मजबूत करना, स्थायी सामुदायिक संपत्तियों का निर्माण, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत 318 प्रकार के कार्य लिये जा सकते है।कार्यो का प्राथमिक चयन ग्राम पंचायत द्वारा किया जायेगा। गांव की आवश्यकतानुसार कार्यो को चार प्रमुख भागों में बांटा गया है। जिसमें जल सरंक्षण, ग्रामीण अधोसंरचना, आजीविका का सृजन तथा आपदाओं को कम करने वाले सुधारात्मक कार्यो को रखा गया है।

# रोटरी क्लब ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

रोटरी क्लब द्वारा शासकीय चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसी के साथ डाक्टर्स डे पर डॉक्टर्स का भी सम्मान किया गया।

रोटरी क्लब के मीडिया प्रभारी सुभाष जैन कैंची ने बताया कि रोटरी सत्र के प्रथम दिवस रक्तदान शिविर का आयोजन शासकीय चिकित्सालय में किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसी के साथ डॉ. डी. के. जैन,डॉ.रजनी छारी,डॉ.अजय गहलोत, डॉ.संदीप जैन का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. रजनी छारी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. डी. के. जैन थे। अपने सम्बोधन में डॉ. डी के जैन ने कहा कि रोटरी सत्र का प्रारम्भ रक्तदान जैसे पुनीत कार्य से किया है।

इसी प्रकार वर्ष भर सेवा कार्य करते रहें,आपने आज चिकित्सक दिवस क्यों मनाते है इस पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. छारी ने कहा कि रक्तदान शिविरों का आयोजन बहुत जरूरी है अस्पताल में मरीजों के लिए हमेशा रक्त की आवश्यकता रहती है। अतः इसी प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिए। आपने चिकित्सकों का सम्मान करने के लिए रोटरी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को डॉ. अजय गहलोत एवं डॉ. संदीप जैन ने भी सम्बोधित किया।कुल 12 यूनिट रक्तदान किया गया। अध्यक्ष विजय चैधरी, सचिव मोहरसिंह यादव,डॉ. राकेश जैन,बी.डी. गुप्ता, सुभाष जैन कैंची,विष्णु अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, माधवसिंह आदि रहे मौजूद।

'हरिभूमि' द्वारा उठाई गई आवाज का आखिरकार असर हुआ

# दत्तक पुत्र से मुक्त हुआ पीएम आवास, बेघर हुए बुजुर्ग दंपती को फिर मिला अपना आशियाना

पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया, न्याय के लिए दर-दर भटक रहे पीड़ित

74 वर्षीय बुजुर्ग दंपती को दत्तक पुत्र ने घर से निकाला, प्रधानमंत्री आवास में जड़ दिया ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

सहारा बनने के लिए गोद लिए गए पुत्र ने ही जब कसाई का रूप ले लिया, तो बेसहारा बुजुर्ग दंपती की दुनिया उजड़ गई। नगर के नाना बाजार निवासी 74 वर्षीय वाहिद शाह और उनकी पत्नी जन्नत बी इस समय दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। आरोप है कि उनके दत्तक पुत्र ने उन्हें घर से बाहर निकालकर प्रधानमंत्री आवास में ताला जड़ दिया है।

क्या है पूरा मामला?

फरियादी वाहिद शाह ने पड़ोसी मुज्मिल हुसैन के साथ माचलपुर थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि निःसंतान होने के कारण उन्होंने करीब एक साल पहले शरीफ पिता अहमद (निवासी सोयत) को दत्तक पुत्र के रूप में अपनाया था। वाहिद शाह का आरोप है कि शरीफ अहमद और उसकी पत्नी शब्बो बी, उन्हें लगातार गालियां देते हैं और जान से मारने की धमकी देकर घर से बेदखल कर दिया है।

प्रशासन की बेरुखी, कागजों में सिमटी कार्रवाई

इस मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला तो दर्ज कर लिया है, लेकिन बुजुर्ग दंपती को न्याय आज भी दूर की कौड़ी बना हुआ है। इससे पहले, बुजुर्ग ने उप-तहसील कार्यालय में भी शिकायत की थी। 15 जून को कस्बा पटवारी भेरूलाल दांगी, थाना प्रभारी आदित्य सोनी और नगर परिषद के अधिकारियों की मौजूदगी में एक पंचनामा बनाया गया था। उस समय शरीफ खां ने फोन पर चर्चा के दौरान दूसरे दिन घर खाली करने का वादा किया था, लेकिन वह वादा केवल कागजों तक ही सीमित रहा। तब से बुजुर्ग दंपती न्याय के लिए संबंधित अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें कहीं से भी संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है।

अधिकारियों ने साधी चुप्पी पल्ला झाड़ा जिम्मेदारी से

दुखद यह है कि इस गंभीर मामले में प्रशासन का रवैया अत्यंत संवेदनहीन बना हुआ है। जब इस विषय में जानकारी लेने के लिए माचलपुर तहसीलदार कपिल शर्मा और खिलचीपुर एसडीएम अंकिता जैन से संपर्क किया गया, तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। वहीं, जिम्मेदार अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी मढ़कर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।

इनका कहना है...

हमने हमारा काम कर दिया जिन धाराओं में मामला दर्ज किया उसमें नोटिस देना रहता है अब आगे तहसील का का मामला है।
माचलपुर थाना प्रभारी आदित्य सोनी

नगर परिषद का काम प्रधानमंत्री आवास बनाने तक है पंचनामे के समय हमारे कर्मचारी चले गए पर कोई विवाद है तो यह थाने का मामला है।
देवेंद्र वत्स मुख्य नगर परिषद अधिकारी माचलपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

अन्याय के खिलाफ 'हरिभूमि' द्वारा उठाई गई आवाज का आखिरकार असर हुआ है। माचलपुर नगर में अपने ही दत्तक पुत्र और बहू के अत्याचारों से तंग आकर दर-दर भटक रहे बुजुर्ग दंपति वाहिद शाह और जन्नत बी को अब उनका अपना आशियाना वापस मिल गया है। बुजुर्ग दंपति ने शिकायत की थी कि उनका दत्तक पुत्र शरीफ और बहू शब्बो बी उनके साथ न केवल गाली-गलौच करते थे, बल्कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी देते थे। इन लोगों ने बुजुर्गों को मिले 'प्रधानमंत्री आवास' योजना के तहत बने मकान पर भी जबरन कब्जा कर रखा था। लंबे समय तक प्रशासनिक दफ्तरों के चक्कर काटने के बाद भी जब बुजुर्गों को न्याय नहीं मिला, तो उन्होंने 'हरिभूमि' का दरवाजा खटखटाया।

### प्रशासन की नींद टूटी पुलिस ने दिखाई सख्ती

'हरिभूमि' में इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस महकमा हरकत में आया। खबर के असर से दबाव बढ़ा और प्रशासनिक अमले ने मामले को गंभीरता से लिया। कस्बा पटवारी द्वारा बनाए गए पंचनामे और पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत दर्ज मामले के बाद कार्रवाई तेज हुई।

### मुस्कुराया बुजुर्ग दंपति का चेहरा

प्रशासन की मौजूदगी में दत्तक पुत्र से मकान खाली करवाया गया और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर बुजुर्ग दंपति को उनका घर पुनः सौंप दिया गया। अपना आशियाना वापस पाकर वाहिद शाह और जन्नत बी की आंखें भर आईं। उन्होंने अपनी पीड़ा को समाज के सामने लाने और न्याय दिलाने के लिए 'हरिभूमि' का विशेष आभार व्यक्त किया है।

### जनता की आवाज बना हरिभूमि

एक बार फिर 'हरिभूमि' ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए यह साबित कर दिया है कि वह पीड़ितों के साथ खड़ा है। अगर किसी के साथ अन्याय नहीं हो रहा है, तो उसकी आवाज को जनता तक पहुंचाने के लिए हरिभूमि पीडितों की सहायता करने के लिए तत्पर है।

विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण का शुभारंभ

# गांवों की जरूरत के अनुरूप होंगे विकास कार्य, रोजगार के साथ प्राकृतिक संसाधनों का होगा संरक्षणः नागर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

प्रधानमंत्री के संकल्प 'विकसित भारत' को साकार करने की दिशा में आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले के ग्राम मुक्कावरिपल्ली से 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' (वीबी- जीराम जी) का राष्ट्रव्यापी शुभारंभ किया गया। इसका सीधा प्रसारण देशभर में देखा गया। इसी क्रम में राजगढ़ जिले का जिला स्तरीय कार्यक्रम जनपद पंचायत राजगढ़ के ग्राम गोपालपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद रोडमल नागर, नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा, राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सरपंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने योजना की भूमिका रखते हुए कहा कि 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' ग्रामीण विकास का एक समग्र अभियान है। इस योजना के माध्यम से गांवों में रोजगार सृजन, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण तथा आजीविका संवर्धन के कार्य स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप किए जाएंगे। योजना में किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। फसल कटाई एवं कृषि कार्य के व्यस्त समय में मजदूरी कार्यों का दबाव न रहे, इसके लिए कार्यों के निर्धारण में भी आवश्यक प्रावधान किए गए हैं।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सषक्तबनाने के साथ होगा विकास

राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव एवं नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के साथ गांवों के सतत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से योजना के क्रियान्वयन में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। सांसद नागर ने अपने संबोधन में कहा कि इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि गांव के विकास की प्राथमिकताएं स्वयं ग्रामवासी तय करेंगे। ग्राम पंचायतों की भागीदारी से गांवों की आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्यों का चयन किया जाएगा। योजना के माध्यम से जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, आजीविका संवर्धन एवं ग्रामीण अधोसंरचना के विकास पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा और समाज के प्रत्येक वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

### क्या है विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)

यह मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ टिकाऊ एवं स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण पर केंद्रित है। योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की भागीदारी से स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों का चयन किया जाएगा। जल संरक्षण, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण, भूमि विकास, ग्रामीण अधोसंरचना, आजीविका संवर्धन तथा प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो तथा गांव आत्मनिर्भर बन सकें।कार्यक्रम के दौरान संबल योजना एवं लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सरपंचों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन की सहभागिता रही।

सारंगपुर-शुजालपुर मार्ग पर घटना

# मारुति वैन और मोटरसाइकिल की भिड़ंत में युवक की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

गुरुवार को सारंगपुर-शुजालपुर मार्ग स्थित अय्यापुर जोड़ पर मारुति वैन और मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि वैन चालक घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार दुर्घटना की सूचना मिलते ही सलसलाई थाना क्षेत्र की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। तब तक ग्रामीणों की सहायता से गंभीर रूप से घायल मोटरसाइकिल सवार अरुण पिता महेश राजपूत, निवासी गोदना को निजी वाहन से सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण अरुण ने दम तोड़ दिया। वहीं मारुति वैन सवार प्रहलाद पिता गणपत, निवासी मूलीखेड़ी (आष्टा) भी हादसे में घायल हो गया, जिसका अस्पताल में उपचार जारी है। घटना के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# सिविल, मैकेनिकल, केमिकल सहित चार ब्रांचों में प्रवेश के लिए निशुल्क पंजीयन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय राजगढ़ में तकनीकी शिक्षा विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा संचालित इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम की सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में कुछ शेष बची सीटों में अहरकारी परीक्षा 10वी के आधार पर प्रवेश के लिए संस्था स्तर की काउंसलिंग प्रक्रिया के लिए पंजीयन 04 जुलाई से प्रारंभ किए जाएंगे। रजिस्ट्रेशन उपरान्त प्रवेश के लिए 06 जुलाई को छात्र-छात्राएं संस्था में स्वयं उपस्थित होकर समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रवेश प्राप्त करने की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। प्रवेश उपरांत छात्र-छात्राएं निम्नानुसार छात्रवृत्ति का लाभ पात्रता अनुसार प्राप्त कर सकेंगे। दिव्यांग छात्र छात्राओं को एआईसीटीई सक्षम स्कॉलरशिप स्कीम अंतर्गत प्रतिवर्ष 50 हजार रुपये की राशि पात्रता अनुसार प्राप्त होगी। छात्राओं को एआईसीटीई प्रगति स्कॉलरशिप स्कीम अंतर्गत 50 हजार रुपये की राशि पात्रता अनुसार प्राप्त होगी। पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप एवं मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना एवं अन्य। साथ ही कोविड-19 की वजह से माता या पिता दोनों की दिवंगत होने पर, आर्म्ड और सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्सेस में शहीद हुए जवानों के बच्चों को एआईसीटीई स्वनाथ स्कॉलरशिप स्कीम के तहत 50 हजार रूपए की राशि पात्रता अनुसार प्राप्त होगी। छात्र दृछात्राओं को एआईसीटीई यशस्वी स्कालरशिप स्कीम अंतर्गत 30 हजार रुपये की राशि पात्रता अनुसार प्राप्त होगी। अध्यनरत विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने हेतु कोचिंग ध्आवश्यक किताबें तथा अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जाएगी। प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र- छात्राए संस्था में प्रातः 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे के मध्य उपस्थित होकर अपना निःशुल्क पंजीकरण करा सकते है।

# पुलिस ने कई आरोपियों को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के मार्गदर्शन में जिलेभर में फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना, न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित कराना तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। इसी क्रम में एसडीओपी अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में थाना सारंगपुर पुलिस ने बुधवार की दरमियानी रात अलग-अलग टीमों का गठन कर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी तथा गौवंश वध अधिनियम से जुड़े मामलों में फरार आरोपियों की तलाश की। अभियान के दौरान पुलिस को कई मामलों में सफलता मिली।

**एनडीपीएस एक्ट के मामलों में गिरफ्तार आरोपी :** अपराध क्रमांक 295/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में फरार आरोपी रईस काला पिता सत्तार खां निवासी वार्ड क्रमांक 4 गोलावाड़ी, सारंगपुर को गिरफ्तार किया गया, वही आरोपी वकील उर्फ वकीला पिता सत्तार खां निवासी बिरजावाड़ी, सारंगपुर, जावेद पिता यूनुस खां निवासी झोपड़ी मोहल्ला, पिंजारा बाखल, सारंगपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया। वही अन्य गिरफ्तारी में फरार आरोपी आमिन खां पिता इनुवा उर्फ यूनुस अली (28 वर्ष), निवासी पटेलवाड़ी, सारंगपुर को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। साथ ही प्रतिबंधात्मक कार्रवाई का उल्लंघन करने पर थाना सारंगपुर में अपराध क्रमांक 511/2026 के तहत रामबाबू पिता लक्ष्मीनारायण पुष्पद निवासी तारागंज के विरुद्ध धारा 122 जाफौ./141 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी को एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस अभियान में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल रघुवंशी, उपनिरीक्षक राहुल सेंधव,आरक्षक सत्येंद्र रघुवंशी, बनवारी गुर्जर, मुकेश भिलाला तथा महिला आरक्षक दीपिका सहित पुलिस टीम का विशेष योगदान रहा।

# पैर फिसलने से खाल में डूबी महिला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

समीपवर्ती ग्राम मेलखेड़ी निवासी 40 वर्षीय महिला कलांबाई सौंधिया की पैर फिसलने से खाल यानी तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मेलखेड़ी निवासी लक्ष्मीनारायण सौंधिया की पत्नी कलांबाई अपने पुत्र के साथ खेत पर दवा छिड़कने का काम कर रही थीं। इसी दौरान मां-बेटा पानी की केन भरने के लिए खाल/तालाब पर गए। बेटा पानी भरकर खेत की ओर लौट गया। जब कलांबाई पानी भर रही थीं, तभी उनका पैर फिसल गया और वे खाल में गिर गईं। बेटे ने जब पीछे मुड़कर देखा तो मां नजर नहीं आईं। वह तुरंत खाल पर पहुंचा, लेकिन तब तक महिला की डूबने से मौत हो चुकी थी। परिजन उन्हें खाल से बाहर निकालकर सिविल अस्पताल लाए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जांच एसआई संतोष सिंह कर रहे हैं। लक्ष्मीनारायण सौंधिया के परिवार में पत्नी के अलावा दो अविवाहित पुत्र और एक बुजुर्ग महिला हैं।

# तीसरी पत्नी के साथ रह रहे जेई के घर हाई वोल्टेज ड्रामा, दूसरी पत्नी के पहुंचते ही मचा गया बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर की मुंदड़ा कॉलोनी में गुरुवार को विद्युत विभाग में पदस्थ एक जूनियर इंजीनियर (जेई) के पारिवारिक विवाद ने हाई वोल्टेज ड्रामे का रूप ले लिया। दूसरी पत्नी के अचानक घर पहुंचने पर तीसरी पत्नी के साथ उसका आमना-सामना हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों के बीच कहासुनी, गाली-गलौज और हाथापाई की नौबत आ गई। घटना से कॉलोनी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग में पदस्थ जेई सुबोध कुमार मुंदड़ा कॉलोनी स्थित एक किराए के मकान में रह रहा था। बताया जा रहा है कि वह पहले से दो विवाह कर चुका है और वर्तमान में तीसरी महिला के साथ रह रहा था।

इसी बीच दूसरी पत्नी को इसकी जानकारी मिली तो वह मौके पर पहुंच गई। घर में तीसरी महिला को देखकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट तक पहुंच गया। घटना के दौरान घर के बाहर शोर-शराबा और चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। स्थिति बिगड़ती देख कालोनी निवासी ने डायल-112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाइश देकर थाने ले गई, जिसके बाद मामला शांत हो सका। थाना प्रभारी हुकमचंद मीणा ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से आवेदन प्राप्त हुए हैं। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

बाइक एवं पैदल राहगीरों को बमुश्किल हाट परिसर तक पहुंचना पड़ा

# लाखों खर्च कर बने नए हाट बाजार में कीचड़ जूझे लोग

### खिलचीपुर नाका तालाब परिसर में सीमेंट कांक्रीट एवं रिक्त जगह मुरुम डालकर शुरू किया था बाजार, बारिश में हाल बेहाल'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



नगर का साप्ताहिक हाट-बाजार पूर्व में स्टेडियम परिसर सहित इंदर चैराहा से आवास कॉलोनी मुख्य मार्ग पर लगता था, जहां आवागमन और दुकानदारों के लिए पर्याप्त स्थान नहीं होने से भारी परेशानी होती थी।

बारिश के दौरान स्टेडियम परिसर में कीचड़ ही कीचड़ हो जाता था, जिससे दुकानदारों एवं सब्जी व अन्य सामान खरीदने वालों को भारी तकलीफ का सामना करना पड़ता था। इस स्थिति से निजात दिलाने के उद्देश्य से नगर परिषद ने लाखों रुपए खर्च कर खिलचीपुर नाका के समीप तालाब परिसर में नया हाट बाजार शुरू किया था। यहां सीमेंट-कांक्रीट के अलावा खाली पड़ी जगह पर नगर परिषद द्वारा मुरुम डाली गई थी, जिसे करीब तीन सप्ताह बाद फैलाया गया। लेकिन दिनांक 01 जुलाई 2026 को लगे साप्ताहिक हाट-बाजार में स्थिति बहुत खराब रही। बारिश के कारण मुरुम कीचड़ में तब्दील हो गई और लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई। भारी अव्यवस्था से लोग जूझते रहे। बाइक एवं पैदल राहगीरों को बमुश्किल हाट परिसर तक पहुंचना पड़ा। कई लोग फिसल भी गए और उनके कपड़े व सामान गंदे हो गए। समाचार पत्र के माध्यम से नगर परिषद के संज्ञान में यह मामला पिछले सप्ताह लाया जा चुका है।

दुकानदारों और खरीदारों ने मांग की है कि हाट परिसर में स्थायी समाधान के लिए शेष परिसर में सीमेंट कांक्रीट या पेवर ब्लॉक लगाया जाए, ताकि बारिश में भी बाजार सुचारू रूप से लग सके। हाट बाजार के बाहर मुख्य सड़क मार्ग से अन्दर तक जाने वाले रास्ते को खुला रखा जायें ताकि आवागमन में बाधा नहीं हो इस समस्या से भी नगर परिषद को समाचार पत्र के द्वारा संज्ञान में लाया गया लेकिन कतिपय हाथ ठेले आवागमन में बाधक बने रहें।

मनमाने बिजली बिल से उपभोक्ता परेशान

# किन्नर के साथ विभाग के कर्मचारियों ने की झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर में इन दिनों बिजली उपभोक्ता बिजली विभाग की मनमानी के कारण त्रस्त है विभाग में बैठे कर्मचारी अधिकारी अपनी मनमानी हटधार्मिता से बाज नहीं आ रहे स्मार्ट मीटर एवं साधे मीटर वाले उपभोक्ता मनमाने बिजली बिल से बेहद परेशान हैं लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है अगर कोई उपभोक्ता हिम्मत करके बिजली बिल सुधारने या बड़े हुए बिजली की शिकायत लेकर बिजली कार्यालय जाता हैं तो उनकी समस्या सुनने की वजह उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता हैं और धमकी दी जाती है कि अब वापस आ गए तो शासकीय बाधा के मामले में कार्यवाही करवा दी जाएगी। ऐसा ही एक मामला गुरुवार को सामने आया, जहा बिजली उपभोक्ता ममता बाई गुरु प्रवीण किन्नर बिजली कनेक्शन क्रमांक 2827007120 का महा जून का बिल 4893 रुपए का दिया गया और पिछले महीने का 7691 का बकाया बताया गया। जबकि पिछले माह का बिल उपभोक्ता को नहीं दिया गया जबकि बड़े हुए बिजली बिल को लेकर उपभोक्ता बिजली घर पहुंची तो उसके साथ सरेआम अभद्र व्यवहार किया गया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा हैं।बिजली उपभोक्ता अपने साथ हुए अपमान एवं बड़े हुए बिजली बिल की शिकायत लेकर संबंधित पुलिस थाने पहुंची एवं एसडीएम एसडीओपी एवं राज्यमंत्री गौतम टेटवाल के नाम आवेदन देकर न्याय की मांग की तथा एक प्रति हमारे संवाददाता को भी उपलब्ध कराई। उल्लेखनीय यह है कि नगर में बिजली बिल से कई लोग त्रस्त हैं लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। इतना नहीं जिस उपभोक्ता के साथ बिजली विभाग में अभद्र व्यवहार किया उक्त उपभोक्ता का नगर में ममता अंटी के नाम से सभी समाज के लोग सम्मान करते हैं तथा हर धार्मिक कार्य में बढ़चढकर हिस्सा लेती हैं।अपने साथ हुए अपमान को लेकर मीडिया के सामने रोते हुए ब्यौरा दिया।अब देखना यह है कि विद्युत मंडल द्वारा दिया गया बिजली बिल सही है या उपभोक्ता सही है।यह तो आने वाला समय ही बतायेगा लेकिन जन चर्चा है कि विद्युत मंडल द्वारा आम उपभोक्ता के साथ जमकर मनमानी की जा रही हैं।

### इनका कहना हैं

खपत के अनुसार बिजली बिल दिए जा रहे हैं फिर भी कोई बिल में त्रुटि है तो सुधार किया जाएगा। घटना की मुझे जानकारी नहीं है।

-सत्यप्रकाश मिश्रा, सहायक यंत्री मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी सारंगपुर।